तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 10 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 ट्रांसफार्मर के पास से कचरे का ढेर हटाने 90 लाख में लगवाई ...



11 नई बसाहट के बीच सीवरेज लाइन का अभाव सर्वे ...



## खबर संक्षेप

### टिम्बर कारोबारी के घर में डकैती

**भिलाई।** शहर के टिम्बर कारोबारी के पति पत्नी को बंधक बनाकर डकैती करने का मामला सामने आया है।शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने धारा 395 के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी में टीम जुटी हुई है।अंजोरा पुलिस ने बताया कि रसमड़ा निवासी टिम्बर कारोबारी दिलीप मिश्रा और उकी पत्नी किरण मिश्रा खाने के बाद शुक्रवार-शनिवार की रात को सोए हुए थे। रात 2.50 बजे पांच अज्ञात बदमाश अचानक बाउंड्रीवाल फांदकर पीछे के दरवाजे से मकान में प्रवेश किया। इस दौरान दिलीप मिश्रा और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर रखा। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मकान के आलमारी में रखे गए 27 हजार रुपए नगदी, 40 तोला सोना लेकर फरार हो गए। बदमाश अपने हाथ में एक रॉड, हथियार और लकड़ी लेकर डकैती डालने पहुचे थे। कारोबारी दिलीप मिश्रा के मकान में सीसी कैमरा भी लगा हुआ है। बदमाशों का सारा हरकत कैमरे में कैद हो गया है। घटना को अंजाम देने के आरोपियों पति पत्नी के मोबाइल को लेकर फरार हो गए।

### ट्यूशन से घर जा रही छात्रा को ट्रक ने कुचला, बवाल

**भिलाई।** ट्यूशन से घर जा रही स्कूली छात्रा को ट्रक ने कूचल दिया। जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अन्य दो छात्राएं घायल है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुची। चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम चंगोरी निवासी तोजस्वी पारकर 15 वर्ष शनिवार को ट्यूशन से घर जाने के लिए निकली थी। इस दौरान ट्रक सीजी 04 जेडसी 3391 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए छात्रा को चपेट में लिया। हादसे में छात्रा तोजस्वी की मौके पर ही मौत हो गई। छात्रा कक्षा 9वीं में पढ़ाई करती थी। हादसा थनोद मोड के पास की है। हादसे में मृतका की दो सहेली भी साथ में थी उन्हें मामूली चोट आई है। मृतका तोजस्वी और उनकी सहेलियां तीनों अलग-अलग सायकिल में थे। विपरीत दिशा से भूसा लोड होकर आ रही ट्रक ने तीनों छात्राओं को चपेट में लिया। घटना में तोजस्वी साइकिल समेत ट्रक के नीचे आ गई।

### खुलेआम फायरिंग कर तलवार लहराते रहे रात भर

**भिलाई।** शराब के नशे में सड़क किनारे बदमाश किस्म के युवकों ने हथियार लहराकर लोगों को दहशत बनाने का मामला सामने आया है। घटना वैशाली नगर थाना क्षेत्र की है। बदमाश युवकों ने 6 जून की रात फायरिंग भी किया था। मिली जानकारी के मुताबिक दहशत में लोगों को लाने के लिए बदमाशों ने 7 -8 युवकों द्वारा जमकर उत्पात मचाया। युवकों ने अपने वाहन सड़क पर खड़े कर खुलेआम शराब का पी रहे थे।

### अपराध : जून माह की शुरुआत में ही आधा दर्जन मामलों ने बढ़ाई पुलिस की परेशानी

# इन दिनों सुर्खियों में है देवरबीजा पुलिस चौकी चार अलग-अलग घटनाओं में 6 मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस चौकी देवरबीजा में विगत हफ्तेभर के अन्तराल में वाद-विवाद, छेड़खानी व मारपीट को लेकर दो काउंटर केस सहित 6 नए एफआईआर दर्ज होने से देवरबीजा चौकी फिलहाल सुर्खियों में है। वैसे दो वर्ष पूर्व बनी देवरबीजा चौकी ज़िला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाने से सम्बद्ध होने व स्टेट हाईवे पर स्थित के कारण यहां शहरी क्षेत्र का आंशिक प्रभाव रहता है। हालाँकि सामान्य अपराध को छोड़ दिया जाए, तो इस क्षेत्र में गम्भीर आपराधिक प्रकरण के आंकड़े काफी कम होते हैं।

चूँकि जून माह के शुरुआती दौर में ही 6 नए मामले पंजीबद्ध होने से पुलिस चौकी फिर चर्चा बिंदु के केन्द्र में आ गई है। वहीं, चौकी में सीमित स्टॉफ की कमी से जूझ रहे पुलिस कार्यालय में आधा दर्जन मामले के रिपोर्ट से हड़कम्प मचा हुआ है। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिक रिपोर्ट पर एक-एक कर विवेचना शुरू कर दी गयी है, वहीं विवेचना के बाद विधिवत कार्यवाही भी की जा रही है। इस संबंध में पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई डिग्रीलाल सोना ने बताया कि देवरबीजा क्षेत्र अंतर्गत हुए चार घटनाक्रम में छः मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से दो में आपसी एफआईआर (काउन्टर केस) का मामला है। इन सभी घटनाओं की पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है एवं आरोपियों पर विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

## स्टॉफ की कमी से जूझ रही चौकी के लिए बनी चुनौती




**केस-01**

### चुनावी हार-जीत पर फटाका फोड़ने से शुरू हुआ विवाद, मामला पहुंचा चौकी

पुलिस के अनुसार, चौकी अंतर्गत ग्राम केशडबरी में बीते 04 जून की शाम लोकसभा चुनाव में बीजेपी की जीत को लेकर गाँव के अति-उत्साहित बल्ला निषाद पिता मंगहु निषाद ने अपने पड़ौसी हिन्साराम सेन पिता जेठू सेन के कोठार में फटाका फोड़ दिया। इस आतिशबाजी की घटना से चिढ़े युवक हिंसा राम भड़क गया और फिर कोठार में फटाके फोड़ने को लेकर दोनों में कहासुनी ने बढ़कर खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस पर दोनों युवकों द्वारा चुनावी हार-जीत को लेकर हुए गाँव में हंगामे व लड़ाई में एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोनों की ओर से दोनों के खिलाफ धारा 294, 506 व 323 के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**केस-02**

### कथित प्रेमप्रसंग व छेड़खानी को लेकर मारपीट, दोनों ओर से मामला दर्ज

जानकारी के मुताबिक विगत 06 जून को चौकी क्षेत्र के ग्राम निनवा से एक घटनाक्रम के बाद दोनों पक्षों की ओर से दो आपसी मामले चौकी में पंजीबद्ध कराए गए। पहले पक्ष जनार्दन वर्मा के मुताबिक उनकी पत्नी अनिता वर्मा 5 जून की रात को शौच गयी थी। इसी दौरान गाँव के ही आरोपी युवक ओमप्रकाश वर्मा ने रोककर छेड़खानी की। इसकी जानकारी मिलने पर आरोपी को रँगे हाथ पकड़ा गया। जिसकी प्राथमिक सूचना देवरबीजा पुलिस को दी गई। वहीं, दूसरी ओर ओमप्रकाश वर्मा ने थाने में काउंटर केस करते हुए बताया कि उनका और अनिता वर्मा का काफी समय से प्रेमप्रसंग चल रहा था। उसके बाद दोनों का अलगाव हो जाने के बाद साजिश के तहत फँसाते हुए आरोपी जनार्दन वर्मा व अन्य तीन लोगों ने रात में नहाते के दौरान धमकी देते हुए जबरदस्त मारपीट की। इसकी जानकारी देवरबीजा पुलिस को दी गई। इस एक ही घटनाक्रम को लेकर ओमप्रकाश के खिलाफ धारा 354 व जनार्दन व अन्य साथी पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

**केस-03**

### खेत में पोल हटाने को लेकर हिंसक संघर्ष, प्रकरण पंजीबद्ध

पुलिस चौकी के ग्राम सण्डी से एक नया मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गाँव निवासी प्रार्थी पंकज साहू ने रिपोर्ट कराई कि खेत की मेड़ पर लगे पोल को हटाने पर गाँव के ही निवासी हरि साहू के साथ सामान्य विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी हरि साहू ने उनकी पत्नी चमेली बाई पर अचानक हमला कर दिया। हमले में घायल पत्नी का उपचार राजधानी रायपुर के अस्पताल में चल रहा है। जबकि पति पंकज साहू की रिपोर्ट पर आरोपी हरि साहू के खिलाफ पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है।

**केस-04**

### लड़की भगा ले जाने की आशंका और अफवाह में लड़के को किया लहूलुहान

इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार चौकी इलाके के ग्राम सिरसा निवासी एक नाबालिग लड़की घर से बिना किसी को बताए लापता हो गई थी। उसकी गुमशुदगी पर परिजनों को गाँव के ही 21 वर्षीय लोकेश धृतलहरे पर आशंका हो रही थी। क्योंकि पीड़ति लोकेश उसी दौरान अपने जीजा के साथ बानबरद में काम करने चला गया था। इसी बीच लोकेश जब 15 दिनों बाद जब अपने गांव सिरसा पहुंचा, तो अगले ही दिन 01 जून को किसी समय अकेले देखकर गुमशुदा लड़की की चाची ने गाली-गलौज करते हुए लड़के की बांस की लाठी से जमकर पिटाई कर दी। इससे लड़का लहूलुहान हो गया। 3 जून को प्रार्थी लोकेश धृतलहरे ने सिरसा निवासी आरोपी रुक्मणी धृतलहरे के खिलाफ चौकी में रिपोर्ट लिखाई। देवरबीजा पुलिस ने आरोपी महिला के विरुद्ध भादवि की धारा 294, 506 (बी) व 323 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# तीसरी बार प्रधानमंत्री बने मोदी, भाजपाइयों ने मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चौराहों पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाइयां

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किए जाने पर जिला मुख्यालय स्थित घड़ी चौक में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर खुशी मनाई। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। ढोल नगाड़ों की थाप पर नेता व कार्यकर्ता झूमते हुए जोरदार नारेबाजी करते रहे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक विकसित भारत की ओर आगे बढ़ेगा। जिला मुख्यालय में खुशी जाहिर करने के अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, राकेश मोहन शर्मा, रोशन दत्ता, गौरव साहू, संजू तिवारी, युगल देवागन, परमेश्वर वर्मा, केशव साहू, निखिल साहू, तुषार साहू, देव राम साहू, हेमंत देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू, लक्ष्मी साहू, नंदू गुप्ता, मैना देवी, बंछोर दीदी, अनीता पटेल, सुरेश पटेल, राजकुमार चौहान, प्रेम वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बीते दिनों आई आंधी की चपेट में आने से हो गई थी धराशायी

# सप्ताहभर में भी नहीं हुई वाटर एटीएम की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पिछले दिनों 5 जून की रात्रि में आई भयंकर आंधी के बाद जहां शहर की तस्वीर बदल गई थी कई जगहों पर बिजली के खंबे, पेड़ गिर गए, वहीं शासकीय दफ्तरों व कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छप्पर हवा में उड़ कर बिखर गया था।

हालांकि इसके बाद विभाग के द्वारा जहां मरम्मत का कार्य शुरू तो कर दिया गया है, वहीं दूसरी तरफ इस आंधी तूफान में शहर वासियों के लिए मीठा पानी की उम्मीद बने वाटर एटीएम मशीन जो कि भारत माता चौक के पास ही लगा हुआ था वह भी इस आंधी तूफान के चपेट में आया और पूरी तरह वाटर एटीएम प्लांट आंधी तूफान के चलते धराशाही हो गया। उक्त वाटर एटीएम से शहर के काफी संख्या में लोग मीठा पानी लेकर पेयजल के रूप में उपयोग किया करते थे, किंतु सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी अब तक उसे वाटर एटीएम फिल्टर प्लांट की मरम्मत पालिका प्रशासन द्वारा नहीं की जा सकी है। परिणाम स्वरुप लगभग एक सप्ताह बाद भी वाटर एटीएम फिल्टर प्लांट नहीं बन पाने से शहर वासियों को मीठा पानी से वंचित भी होना पड़ रहा है।

### पानी के लिए जुगाड़...

एक तरफ जहां आंधी तूफान की चपेट में आने से वाटर एटीएम फिल्टर प्लांट उड़ गया वहीं दूसरी तरफ पालिका के द्वारा वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में भी नाली निर्माण के नाम पर लगभग साल भर से भी ज्यादा समय से नाली निर्माण के लिए किए गए खुदाई के चलते निजी नल कनेक्शन भी इससे प्रभावित हुआ। किंतु इतना समय बीच जाने के बाद भी तथा उक्त वार्ड के रहवासियों द्वारा लगातार पालिका में अपने नल कनेक्शन जोड़ने की फरियाद लगाई जाती रही, किंतु इतने लंबे समय बाद भी प्रभावित हुए नल कनेक्शन को नहीं जोड़ा गया। इसके कारण उक्त वार्ड के निवासी दूर से पानी लाने मजबूर हैं।




# सड़क खोदी और गड्ढे छोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोदवा

- कंपनी की लापरवाही पड़ न जाए भारी

साजा-कोदवा मार्ग पर इन दिनों सड़क सुरक्षा को ताक में रखकर अज्ञात केबल कम्पनी द्वारा गड्ढा खोदकर खुला छोड़ा जा रहा है, जो जाने-अनजाने राहगीरों के लिए खतरे का कारण बना हुआ है। ऐसी लापरवाही केबल बिछा रही कम्पनी द्वारा हफ्तेभर से बरती जा रही है, किंतु शासन-प्रशासन के जिम्मेदार लोगों का इस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है। इसके कारण सड़क पर दर्जनों गड्ढे करके खुले छोड़े जाने पर भी ब्लॉक से लेकर जिला तक के आला ऑफिसर मेहरबान नज़र आ रहे हैं, वहीं जनप्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके कारण जहां ग्रामीणों व मुसाफिरों में भय बना हुआ है, वहीं आक्रोश भी देखा जा रहा है।

### जिम्मेदारों की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

# धौराभाठा में गहराया जलसंकट, अंतिम संस्कार में भी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





भीषण गर्मी के बीच इन दिनों जलसंकट जिलेभर में आम बात है। ज़िले के कई ग्रामीण इलाकों में पानी की इस भयंकर समस्या के समाधान को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका खामियाजा सम्बन्धित ग्रामीण क्षेत्र के आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसी ही समस्या से जिले के साजा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम धौराभाठा के ग्रामीण गुजर रहे हैं। जहाँ पर स्थानीय पंचायत प्रशासन की निरंकुशता एवं निष्क्रियता के कारण गाँव में जलसंकट की समस्या व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार यहाँ सतनामी समुदाय से जुड़ी गाँव की आधी आबादी अपने परिजनों के गुजर जाने पर अंतिम संस्कार एवं दशगात्र के पारंपरिक क्रियाकर्म के लिए बिना पानी के तालाब पर निर्भर होकर गुजारा करने को मजबूर हैं। चूंकि तालाब में पानी नहीं होने से किनारे बैठकर समाज की पुरूष व महिलाओं द्वारा चावल व कुछ ड्रम पानी से परम्परागत रीति रिवाज को पूरा किया जा रहा है। हालाँकि ज्ञात हो कि गांव में दो अन्य तालाब भी हैं, जिनमें एक तालाब समीप ही स्थित है, किंतु वह असमतलित होने से उपयोग के लायक नहीं है। उसकी गहराई 20 फीट के करीब बताई जाती है, जो जानलेवा भी है। जबकि एक अन्य शीतला तालाब सड़क किनारे मौजूद है जहाँ सर्व समाज के लोग उपयोग करते हैं, लिहाजा सतनामी समाज के लोग विगत शनिवार को बगैर पानी तालाब के तालाब में पारम्परिक रीति रिवाज व क्रियाकर्म करते नज़र आए, जो स्थानीय प्रशासन की व्यवस्था व तैयारियों की पोल खोल रहा है। क्योंकि ज़िला प्रशासन द्वारा गाँव-गाँव जलसंकट के निराकरण कर उचित समाधान कराने की व्यवस्था है, किंतु धौराभाठा ग्राम पंचायत में प्रशासन की निष्क्रियता व उदासीनता का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### गिनती के घरों में पहुंच रहा नल-जल योजना से पानी

इस मामले के जब ग्रामीणों से बात की गई तो उनका कहना है कि गाँव में जल जीवन मिशन सिर्फ हवा हवाई योजना साबित हो रही है। पानी टँकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तार तो कर दिया गया है, किंतु उसमें से पेयजल की आपूर्ति मात्र गिनती के घरों तक ही हो रही है, जो बड़ा चिंता का विषय है।

# गिट्टी खदान से केबल चोरी

**बालोद।** चोरों की गिरफ्तारी नहीं होने से वे बेखौफ होकर घूम रहे हैं और लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को भी एक तरह से जैसे चुनौती दे रहे हैं। एक के बाद एक चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरदी में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है, यहां स्थित दो अलग-अलग पत्थर खदानों में चोरी की घटना हुई है। प्रार्थी ग्राम कोहका पुरानी बस्ती भिलाई जिला दुर्ग निवासी लेखराम साहू ने बताया कि ग्राम कुरदी में लेखराम साहू क्रेसर के नाम से पत्थर खदान है, जहां गिट्टी क्रेसिंग का काम चलता है जो कि खदान में मोटर चलाने के लिये केबल तार लगाया गया था। 22 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा खदान में लगे केबल वायर जो 4 एमएम का था जिसे चोरी करके ले गया।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### धोबी समाज का महाधिवेशन स्थगित

**रायपुर।** रायगढ़ में 9 जून को धोबी समाज का महाधिवेशन होना था, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए सभी अतिथि दिल्ली जा रहे हैं, जिसकी विधिवत सूचना मुख्यमंत्री निवास, वित्त मंत्री कार्यालय से प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं आयोजक जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन को प्राप्त हुई। इस कारण से यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है। यह जानकारी रायगढ़ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सोन ने देते हुए बताया कि आगामी आयोजन की तिथि शीघ्र ही तय की जाएगी और समाजजनों को जानकारी दी जाएगी।

### आबकारी ऑफिस के पास सड़क से हटाया अतिक्रमण

**रायपुर।** नगर निगम जोन-4 कमिश्नर राकेश शर्मा और प्रभारी नगर निवेशक पद्माकर श्रीवास के निर्देश पर विभागीय टीम ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित आबकारी कार्यालय के बगल में सड़क पर किए गए अवैध कब्जे को मुक्त कराया गया। नगर निवेश उप अभियंता मनीषा निराला ने बताया कि कब्जा हटाने के लिए पूर्व नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी कब्जा हटाया नहीं जा रहा था। टीम ने कार्रवाई कर बेजा कब्जा हटाया।

### चार हजार अवैध पंजीयन पर उठे सवाल

**रायपुर।** लाइफ टाइम पंजीयन प्राप्त करने वाले फार्मासिस्टों पर एक बार फिर सवाल उठाया गया है। इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा इसके सहित अन्य अनियमितताओं को सुधारने रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा गया है। दस बिंदुओं में सौंपे गए ज्ञापन में अनुभव आधारित पंजीयनों की जांच, लाइफ टाइम पंजीयन को खत्म करना, ताकि चार हजार अवैध पंजीयनों की जांच हो सके, मेडिकलों में फार्मासिस्ट की उपस्थिति जांचने फार्मेसी इंस्पेक्टर की नियुक्ति, पंजीयन को पूर्णतः ऑनलाइन करना, कौंसिल ऑफिस की स्वयं की बिल्डिंग निर्माण, एवं फ़ार्मेसी पेशे के नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की गई है।

### राज्य स्तरीय शह और मात के खेल में जुटे 20 जिले से 150 प्रतिभागी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में जिला शतरंज संघ द्वारा पिथौरा में आयोजित 4 दिवसीय स्पर्धा का उदघाटन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने शतरंज की बिसात पर प्यादे की चाल चलकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता व कलार समाज महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज धृतलहरे, राज्य शतरंज संघ के पदाधिकारी विकास शर्मा, सुबोध सिंह, ईश्वर राजपूत, पिथौरा ब्लॉक के मंडलेश्वर पुनीत सिन्हा, राज्य सचिव हेमन्त खुटे,अंतरराष्ट्रीय निर्णायक अनीस अंसारी व जिला संघ के अध्यक्ष डॉ डीएन साहू मंचासीन थे। सर्वप्रथम टूर्नामेंट डायरेक्टर हेमन्त खुटे ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2022 से 2024 के भीतर 3 साल के अंतराल में यह तीसरी फीडे रेटिंग स्पर्धा है तथा जिला शतरंज संघ के बैनर तले यह सोलहवां राज्य चयन स्पर्धा है। आगामी दिनों में हमारा प्रयास नेशनल रेटिंग टूर्नामेंट कराने का रहेगा ताकि जिला व प्रदेश के खिलाड़ियों को रेटिंग के लिए कही बाहर जाना न पड़े। मुख्य अतिथि अनूप अग्रवाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शतरंज एक बौद्धिक खेल है। इसे हर उम्र के लोगो को खेलना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिला सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिथौरा सरीखे छोटी सी जगह में अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त स्पर्धा के आयोजन से अंचल का मान बढ़ा है। जिला शतरंज संघ को इस पहल के लिए बधाई दी है। इस राज्य चयन स्पर्धा में 91 हजार रुपए की कुल राशि खिलाड़ियों को ईनाम स्वरूप दिए जायेंगे। महिला–पुरुष दोनों वर्गों से टॉप 4–4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संतोष गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ डी एन साहू ने किया।

# 17 हजार से अधिक पीएम आवास के हितग्राहियों को पक्के मकान का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में करीब 17000 से अधिक लोगों को पक्के मकान का इंतजार है।

■ सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी हजारों हितग्राहियों को नहीं मिला लाभ

विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा सरकार द्वारा घोषणा पत्र में 18 लाख मकान दी जाने की बात कही गई थी। लेकिन अब तक जिले में प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए लक्ष्य जारी नहीं किया गया है। ऐसे में सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी लोगों को पीएम आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2011 में सर्वे कराया गया था। पीएम आवास के लिए कराए गए सर्वे में इस दौरान जिले में 28748 हितग्राही मिले



थे, जिनका कच्चा मकान था। इसमें वर्ष 2018-19 तक 23700 को लाभ मिला। लेकिन 5048 वंचित रह गए। इसके बाद वर्ष 2018-19 में एक बार फिर सर्वे कराया गया था। इस दौरान जिले में 12923 हितग्राही मिले। जिन्हें आवास प्लस की श्रेणी में रखा गया था। वर्तमान स्थिति में इन दो सर्वे में 17 हजार से अधिक हितग्राही वंचित है। इसका कोई भी आंकडा जिला मुख्यालय में उपलब्ध नही है। अफसरो का कहना हैं कि, पीएम आवास का अनुमोदन ग्रामसभा करती है। इसलिए मुख्यालय में जानकारी नही है।

वर्ष 2011 और 2018-19 के सर्वे के बाद करीब 17 हजार हितग्राही आवास से वंचित थे। लेकिन इसकी जानकारी नही जुटाई गई है। राज्य शासन द्वारा चुनाव जीतने के बाद सत्ता में काबिज तो हो गए। लेकिन प्रदेश में अठारह लाख आवास बनाने की दम भरने वाली सरकार ने अब तक जिले को टारगेट जारी नही किया है। ऐसे में हितग्राहियों के असमंजय की स्थिति है। शिविर में यह कहकर आवेदन लिया गया है कि, इसका लाभ सभी को मिलेगा। शिविर में पीएम आवास के कितने आवेदन आए, यह भी आंकडे मुख्यालय में नही है।

### राजधानी में 5 साल पहले बिजली व्यवस्था की बेहतरी के लिए की गई पहल का ऐसा हाल

# ट्रांसफार्मर के पास से कचरे का ढेर हटाने 90 लाख में लगवाई जाली हो गई चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ट्रांसफार्मर के पास लोग कचरे का ढेर न लगाएं। इससे होने वाले नुकसान से लोगों को बचाने लिए 90 लाख में 250 जगह लोहे की जालियां भी लगाई गईं। बिजली सेवा की बेहतरी के लिए 5 साल पहले करवाए गए फेंसिंग वर्क को उपद्रवी चोरी करके ले गए हैं। इससे डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स के आसपास कचरा भी फेंका जाने लगा है। बिजली कंपनी ने फेंसिंग इसलिए करवाया था, ताकि डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स में होने वाली आगजनी को कम किया जा सके। साथ ही खुले डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स से आसपास करंट से भी लोगों को बचाया जा सके।

राजधानी में बिजली सेवा की बेहतरी और लोगों को करंट से बचाने के लिए की गई जुगत अव्यवस्था की भेंट चढ़ रही है। इसकी वजह जांचने पर पता चला कि बिजली कंपनी ने करीब 5 साल पहले स्मार्ट सिटी से मिले 90 लाख रुपए को खर्च किया था। इससे शहर के मुख्य मार्गों और पॉश कालोनियों के आसपास बिजली आपूर्ति के लिए लगाए गए डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स से उठने वाली चिंगारी की चपेट में आने से लोगों को बचाने के लिए इंतजाम किया है। इस काम को पहले हैदराबाद की कंपनी को दिया गया, लेकिन काम शुरू करने से पहले ही लोगों की आपत्ति को देखते हुए फेंसिंग का काम कंपनी ने करने से इनकार कर दिया। इसके बाद विभाग ने स्थानिय एजेंसी से रात में ड्यूटी लगाकर काम करवाया, ताकि राहगीरों व आस-पास दुकान लगाने वालों को परेशानी से बचा सके।





#### मुख्य मार्गों के पास करवाई फेंसिंग

सर्वे के बाद शहर के मुख्य मार्गों और पॉश कालोनियों में सड़क किनारे लगाए गए ट्रांसफार्मर को सुरक्षित करने के लिए 150 पाइंट तय किए गए थे। फंड की उपलब्धता को देखते हुए बिजली कंपनी ने शहरी क्षेत्र में 250 स्थानों पर डिस्ट्रीब्यूशन बाक्स के पास फेंसिंग करवाई। इसे पीला पेंट लगाकर बिजली कर्मियों की जरूरत को देखते हुए गेट और ताला भी लगाया, जो कई जगह टूट-फूट का शिकार है। इस तरह की स्थिति में भी कंपनी इनका मेंटेनेंस भी नहीं करवा रही है।

#### इन स्थानों की जालियां हो गई चोरी

फेंसिंग की स्थिति जांचने पर कई स्थानों पर सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जालियां गायब मिलीं। इस तरह कि स्थिति मौदहारापा से गुरुनानक चौक जाने वाले टर्निंग, मौदहापारा मस्जिद के पास फेंसिंग में टूट-फूट होने से लोग कचरा फेंकने लगे हैं। इसे हटाने के प्रयास में निगम की गाड़ी से जालियां कई बार टूट चुकी हैं। वहीं पुलिस लाइन के पास फेंसिंग करके लगाया गया गेट चोरी हो गया है। कालीबाड़ी-सिद्धार्थ चौक के बीच फेंसिंग में उपयोग की गई जालियां चोरी हो गईं।

#### मामले में निगम से बात की जाएगी

ट्रांसफार्मर को सुरक्षित रखने के लिए लगवाई गई जालियों की शिकायत मेंटेनेंस कर्मियों से मिलती है। जिन स्थानों की बात कर रहे हैं, उनमें से कई जगह निगम की वजह से टूट-फूट के बाद जालियां चोरी हुई है। मामले को लेकर निगम से बात की जाएगी।

**- जेएस नेताम**, कार्यपालक निदेशक, बिजली विभाग, रायपुर

# कस्टम मिलिंग घोटाला को लेकर राइस मिलर मनोज अग्रवाल के छह ठिकानों पर ईडी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर ईडी की टीम ने राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा राइस मिलर मनोज अग्रवाल के रायपुर, खरोरा, डोंगरगढ़ के आधा दर्जन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई में अफसरों ने दस्तावेजों की पड़ताल करने के साथ ही राइस मिलर द्वारा पिछले चार वर्षों में कितने का कस्टम मिलिंग किया गया, इस बात की जानकारी हासिल की है।

■ मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी, रोशन चंद्राकर से पूछताछ के आधार पर कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम मनोज अग्रवाल के खरोरा स्थिति राइस मिल, रायपुर खमारडीह स्थित निवास तथा डोंगरगढ़ में शनिवार तड़के पांच बजे छापे की कार्रवाई करने पहुंची। कारोबारी के यहां छापे की कार्रवाई कस्टम मिलिंग घोटाले के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी तथा राइस मिल एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर से पूछताछ के आधार पर मिली जानकारी के आधार पर की है। सूत्रों के मुताबिक मनोज अग्रवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय तलब किया है। राइस मिलर के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई में क्या मिला, इस बात की अब तक अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है।

#### कई पूर्व पदाधिकारी के साथ कारोबारी निशाने पर

कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार मार्कफेड के पूर्व एमडी तथा राइस मिलर रोशन चंद्राकर से पूछताछ में ईडी को कई महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। साथ ही उन लोगों के ठिकानों से जब्त दस्तावेज में कस्टम मिलिंग घोटाला में किनकी क्या भूमिका रही है, इस बात की जानकारी ईडी के हाथ लगी है। उसी जानकारी के आधार पर ईडी की टीम पड़ताल करने के बाद राइस मिलर तथा पूर्व पदाधिकारियों के यहां जांच के साथ छापे की कार्रवाई कर रही है।

### बीए पार्ट-2 के नतीजे घोषित

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा बीए पार्ट-2 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा परिणाम 45 फीसदी रहा और 6462 छात्र उत्तीर्ण हुए। रविवि के कुलसचिव द्वारा जारी किए गए परिणाम के मुताबिक इस परीक्षा में कुल 14361 छात्र शामिल हुए थे, जिसमें 4003 अनुत्तीर्ण, 3688 पूरक घोषित किए गए। 208 के परीक्षा परिणाम रोके गए और 310 परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद नियमानुसार विद्यार्थी 15 दिन तक पूरक और पुनर्गणना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### कार्डियोलॉजी प्रमुख डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ इलाज

# नस में अल्कोहल इंजेक्ट कर नियंत्रित हार्ट अटैक देकर मरीजों को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हाईपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोथैपी नामक बीमारी से ग्रसित युवक की जान बचाने के लिए नसों में अल्कोहल इंजेक्ट कर नियंत्रित हार्ट अटैक दिया गया। राज्य में अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन का अनोखा केस एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरा किया गया।

■ अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन का राज्य का अनोखा केस



डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि हाईपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी एक वंशानुगत स्थिति है, जिसमें दिल की मांसपेशी असामान्य रूप से मोटी हो जाती है। इसकी वजह से दिल के लिए खून पंप करना कठिन हो जाता है। आमतौर पर इस रोग का पता चल नहीं पाता। ऐसी स्थिति वाले ज्यादातर लोगों में कोई लक्षण नहीं होते। कुछ लोगों को सांस फूलना, सीने में दर्द या दिल की असामान्य धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती है। इस बीमारी से ग्रसित 32 साल का युवक इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के एसीआई में आया था। विभिन्न तरह की जांच के बाद कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डा. श्रीवास्तव के नेतृत्व में इस इंटरवेंशनल उपचार प्रक्रिया को पूरा किया गया। मरीज की हृदय की नसों में शुद्ध अल्कोहल की कुछ मात्रा को इंजेक्ट कर दिल में कृत्रिम, लेकिन नियंत्रित हार्ट अटैक कर उसकी समस्या का समाधान किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन हाईपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी के इलाज के लिए एक नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया है। तकनीक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के समान है, जिसमें एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड मार्गदर्शन के तहत धमनी में शुद्ध अल्कोहल की एक छोटी मात्रा को डाला जाता है। अल्कोहल दिल की कुछ मांसपेशियों की कोशिकाओं को सिकोड़ देता है, जिससे दिल से होकर शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है।

# कृष्णा किड्स एकेडमी में मचाया हंगामा एनएसयूआई नेताओं पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजेंद्र नगर थाना में एक स्कूल प्रबंधन ने एनएसयूआई नेताओं के खिलाफ स्कूल में बलात प्रवेश कर हंगामा करने तथा स्कूल स्टाफ के साथ बदसलूकी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एनएसयूईआई नेताओं ने स्कूल प्रबंधन पर बगैर मान्यता के छात्रों को सीबीएसई कोर्स अध्ययन कराने के नाम पर पालकों के साथ ठगी करने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक कृष्णा किड्स एकेडमी के प्रशासक संजय त्रिपाटी की शिकायत पर कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी, कुणाल



*स्कूल प्रबंधन पर बगैर सीबीएसई मान्यता के पाठ्यक्रम का झांसा देकर पालकों से ठगी का एनएसयूआई नेताओं ने आरोप लगाया*

दुबे, हेमंत पाल तथा अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 452, 294 तथा 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। स्कूल संचालक ने एनएसयूआई नेताओं पर आरोप लगाया है कि गुरुवार को दोपहर एनएसयूआई के नेताओं ने स्कूल में बलात प्रवेश कर स्कूल तथा शिक्षा विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया। कांग्रेस नेता विकास तिवारी ने थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि स्कूल प्रबंधन बगैर मान्यता के सीबीएसई कोर्स पढ़ाने का झांसा देकर पालकों के साथ ठगी कर रहा है। इसके अलावा छात्रों को स्कूल से जबरन किताब खरीदने दबाव बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही कांग्रेस नेता ने स्कूल प्रबंधन पर और कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### रक्तदान शिविर में 7 यूनिट मिले रक्त

**दुर्ग।** विश्व रक्तदाता दिवस पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के पेरामेडिकल के छात्र अंकित टेमरे, जयंत मिस्त्री, खेमचंद्रा, सूर्यकुमार साहू, डेमन झुलेकर, निखिल पांडे, डोमन वर्मा ने रक्तदान किया।

# रायपुर दक्षिण के लिए भाजपा कांग्रेस में थोक में दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर दक्षिण के विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद अब उनका विधायक के पद से इस्तीफा देने के बाद यहां की सीट खाली हो जाएगी। ऐसे में रायपुर दक्षिण से अभी से भाजपा और कांग्रेस के थोक में दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव भी होने हैं, ऐसे में संभावना है कि इसी के साथ रायपुर दक्षिण का भी चुनाव होगा। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से ही रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल का एकछत्र राज रहा है। उनके रहते यहां से किसी और को कभी भाजपा से टिकट मिला ही नहीं। पहली बार उनके सांसद बनने के कारण अब इस सीट से थोक में दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। माना तो यह भी जा रहा है कि इस सीट से किसी को टिकट देने से पहले पार्टी बृजमोहन अग्रवाल से भी उनकी मंशा पूछ सकती है। संभावना यह भी है कि यहां का प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की पसंद का हो सकता है।

#### कांग्रेस से अभी इनकी दावेदारी

कांग्रेस के दावेदारों का जहां तक सवाल है, तो नगर निगम रायपुर के सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी के सदस्य सतनाम पनाग, पूर्व में चुनाव लड़ चुके कन्हैया अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल और आकाश शर्मा के नाम प्रमुख हैं। इनके अलावा भी और कई नाम तब सामने आ सकते हैं, जब यहां पर चुनाव की तैयारी प्रारंभ होगी। इस बार कांग्रेस से हर नेता मैदान पर उतरने की तैयारी करेगा, क्योंकि सामने अपराजेय योद्धा बृजमोहन अग्रवाल नहीं होंगे।

**ये हैं भाजपा के दावेदार :** भाजपा में दावेदारों की फौज है। यहां से रायपुर के सांसद सुनील सोनी का भी नाम है। इसी के साथ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, गौरीशंकर अग्रवाल, अमित साहू, अमित चिमनानी, केदार गुप्ता, नंदन जैन, नरेश गुप्ता के साथ बृजमोहन अग्रवाल से साथ 35 सालों से काम कर रहे मनोज शुक्ला का भी नाम है। मनोज शुक्ला लंबे समय तक विद्यार्थी परिषद, भाजयुमो में भी काम कर चुके हैं। भाजपा के और भी कई नेता लगे हुए हैं।

# आचार संहिता हटते ही विधायक निधि का फंड जारी नए कार्यों को स्वीकृति, विकास में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार ने विधायकों के लिए हर साल जारी होने वाली चार करोड़ रुपये की विधायक निधि की राशि जारी कर दी है। यह राशि आचार संहिता हटते ही जारी कर दी गई। फंड जारी होते ही विधायक भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में जनता के हितों में जरूरत व मांगों के अनुसार विकास कार्यों के लिए योजना एवं सांख्यिकी विभाग को अनुशंसा कर मंजूरी करा सकेंगे, ताकि उनके क्षेत्रों में विकास कार्य भी जल्द से जल्द पूर्ण हो सकें।

राज्य में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव हुआ। इसके कारण प्रदेश में 20 मार्च से आचार संहिता प्रभावशील हो गई। आचार संहिता के कारण राज्य सरकार ने भी अप्रैल में विधायकों को जारी करने वाली विधायक निधि की राशि जारी नहीं की थी।




आचार संहिता के दौरान वैसे भी नये कार्यों को स्वीकृति देना, लोकार्पण, नये कार्य के लिए टेंडर आदि सभी कार्य आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आता है। संभावना जताई जा रही है कि इसे देखते हुए आचार संहिता हटने के बाद विधायक निधि की राशि जारी की गई है। फंड जारी होते ही विधायक भी अब अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में नये विकास कार्यों को स्वीकृति दे पाएंगे, वहीं प्रशासन, नगर निगम व ग्राम पंचायत स्तर पर पेंडिंग पड़े नए कार्यों के लिए टेंडर भी निकाले जाएंगे।

#### सालाना फंड 4 करोड़ रुपये

विधायक निधि से प्रत्येक विधायक को सालाना फंड 4 करोड़ रुपये जारी किया जा रहा है। इस बार भी उतनी ही राशि जारी की गई है। हालांकि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान सालाना फंड राशि में 40 प्रतिशत कटौती की गई थी, जिसके कारण विधायक निधि से 2 करोड़ 63 लाख 66 हजार रुपए का फंड जारी किया गया है। इस फंड में प्रभारी मंत्री का 66 लाख 66 हजार रुपए समाहित था। हालांकि 4 करोड़ में कटौती की गई, शेष 40 प्रतिशत राशि को विधानसभा चुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों को जारी किया गया था। विधायकों ने अपने क्षेत्रों में इस राशि से नये विकास कार्यों को स्वीकृति भी दिला चुके हैं।

#### 2 माह बीत चुके, फंड खर्च करने अब 4 माह ही

आचार संहिता के कारण विधायक निधि का फंड इस बार दो महीने विलंब से जारी किया गया है, वहीं आगामी दिसंबर में राज्य में नगरीय निकाय चुनाव होना है। इसके मद्देनजर अक्टूबर या नवंबर में फिर आचार संहिता लगने की संभावना है। आचार संहिता के दौरान फिर नये कार्यों की स्वीकृति पर ब्रेक लग जाएगा। इस तरह देखा जाए, तो विधायकों के पास अब सिर्फ 4 महीने ही विधायक निधि की राशि खर्च करने का समय बचा है। इन 4 महीनों के भीतर विधायकों को नये कार्यों की स्वीकृति दिलानी होगी।

## खबर संक्षेप



### नीट यूजी रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

**रायपुर।** नीट यूजी-2024 के रिजल्ट पर विवाद गहराता जा रहा है। देशभर के अलग-अलग शहरों में छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र नीट रिजल्ट रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। नीट रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई ने बाबा साहब आंबेडकर की मूर्ति के सामने प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने मांग की है कि रिजल्ट रद्द किया जाए और सीबीआई से जांच कराई जाए। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि नीट परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक प्राइवेट संस्था है। सरकार ने प्राइवेट एजेंसियों के हाथों में छात्रों का भविष्य दे दिया है। नीट परीक्षा में एक साथ इतनी संख्या में एक जैसे नंबर मिलना संदेह पैदा करता है। यह लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जो घंटों बैठकर विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करते हैं। इसलिए सरकार को इसमें दखल देते हुए इस परीक्षा परिणाम को रद्द करना चाहिए। सीबीआई से जांच कराकर जिम्मेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई करनी चाहिए। नीट परीक्षा के परिणाम में एक साथ 67 विद्यार्थियों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। एनएसयूआई ने छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर भी सवाल उठाया। साथ ही कहा कि कुछ विद्यार्थियों को 718 और 719 अंक भी आए हैं, जबकि नियमानुसार किसी भी तरह से किसी छात्र के 718 और 719 अंक नहीं आ सकते, नीट में 200 प्रश्न होते हैं, जिसमें छात्रों को 180 प्रश्न का उत्तर देना होता है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित होते हैं. एक गलत होने पर चार अंक कम होने के साथ एक अंक माइनस होता है, ऐसे में एक प्रश्न गलत होने पर 718 या 719 अंक संभव ही नहीं है।

### राहगीरों को किया शर्बत वितरण



**रायपुर।** सिखों के पांचवे गुरु, गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस पूरे शहरभर में मनाया गया। शब्द कीर्तन से राजधानी रायपुर के गुरुद्वारे गूंज उठे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद चखा। संगत ने छबील सेवा में योगदान दिया। इसी कड़ी में होरा परिवार द्वारा शनिवार को गुरु गोविंद सिंग चौक पर ठंडे शर्बत व प्रसाद का वितरण राजधानीवासियों और राहगीरों को किया गया। इस अवसर पर हरमीत सिंह होरा, मिनी होरा परिवार शामिल हुए।

### गजराज तालाब को पर्यटन केंद्र के रूप में किया जाएगा विकसित



**रायपुर।** शहर के बोरियाखुर्द स्थित गजराज तालाब को पर्यटन के रूप में जल्द ही विकसित किया जाएगा। विधायक मोतीलाल साहू और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह शनिवार को इस तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि गजराज तालाब पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है, इसलिए इसका सौंदर्यीकरण बेहतर तरीके से किया जाए। कलेक्टर ने इसके बाद संबंधित अधिकारियों को तालाब को विकसित करने के लिए ड्राइंग डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। 200 एकड़ में फैले गजराज तालाब को विकसित और सुंदर बनाने के लिए तालाब के चारों ओर प्लांटेशन का कार्य किया जाएगा। यहां जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने बांध के चारों ओर बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए है। तालाब के एक हिस्से में हरे-भरे पेड़-पौधे लगाए गए है, जिसे आक्सीजोन बनाया गया है। यहां लोगों की आवाजाही सुनिश्चित हो। इसके लिए कलेक्टर ने नेचर ट्रेल और ट्रैकिंग विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

# मवेशी तस्करी कांड में एसआईटी गठित, टीम हर पहलू की करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात मवेशी तस्करी मामले में मवेशी तस्करी कांड में दो की मौत तथा एक के गंभीर रूप से घायल होने के मामले की जांच करने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी में 14 सदस्यी पुलिसकर्मी के साथ अफसर शामिल हैं।

एसआईटी एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के नेतृत्व में गठित की गई है। टीम में एएसपी ग्रामीण के साथ क्राइम डीएसपी, संजय सिंह, माना सीएसपी लंबोदर पटेल, आंग टीआई सत्येंद्र श्याम, मंदिर हसौद टीआई सचिन सिंह के साथ सायबर सेल प्रभारी परेश पाण्डेय शामिल हैं।

गौरतलब है कि घटना दिनांक को महासमुंद, आरंग थाना क्षेत्र की सीमा से सटे महानदी पुल के नीचे एक ट्रक ड्राइवर चांद मियां मृत हालत में मिला था। इसके अलावा गुड्डू खान तथा सद्दाम खान गंभीर हालत में मिले थे, गुड्डू खान की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। तीनों पर आरोप था कि वे महासमुंद बोरंडा बाजार से मवेशी तस्करी कर ओडिशा ले जाने की फिराक में थे, जिन्हें महानदी पुल के पुल के पास रोका गया। इसके बाद तीनों के साथ मारपीट कर पुल के नीचे फेंके जाने की आशंका है। इसके साथ ही यह भी आशंका जताई जा रही है कि मारपीट के डर से तीनों पुल के नीचे कूद गए।

## एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम जांच करेगी

### इन बिंदुओं पर एसआईटी जांच करेगी

घटना की जांच के लिए जो एसआईटी टीम गठित की गई है, उनके द्वारा इस बात की जांच की जाएगी कि तीनों को मारकर फेंका गया है या फिर तीनों जान बचाने के लिए पुल से नीचे कूदे हैं। इसके साथ ही क्राइम डीएसपी तथा सायबर सेल प्रभारी घटनाक्रम की तकनीकी जांच करेंगे। इसमें ट्रक चालक और उसके साथी जिस रूट से निकले थे, उस रूट की पुलिस तथा सायबर सेल की टीम रास्ते में पड़ने वाले सीसीटीवी कैमरों की जांच करेंगे। इसके साथ ही घटना में कितने लोग शामिल थे, पुलिस इस बात की भी जांच करेगी।




### अंतिम समय में चांद मियां ने किया भाई को कॉल

घटना के बाद पुलिस ने ट्रक ड्राइवर चांद मियां के भाई शोहेब खान की शिकायत पर गैर इरादतन हत्या की धारा 304 तथा हत्या की कोशिश 307 और आईपीसी की धारा 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया है कि उसके भाई ने उसे बताया कि रांग साइड से वो अपने दो अन्य साथियों के साथ आ रहा था, इसी दौरान कुछ लोगों ने उनका बाइक से पीछा किया। पुल के पास टायर फटने की वजह से वो आगे नहीं बढ़ पाए। इसके बाद बाइक सवार लोगों ने उन लोगों को रोक लिया और मवेशी तस्करी करने के आरोप में विवाद कर उन लोगों के साथ मारपीट की। शोहेब के अनुसार उसके भाई ने उसे बताया कि मारपीट की घटना में उसके हाथ पैर टूट गए हैं और वो चल फिर नहीं पा रहा है। चांद मियां ने अपने भाई से आकर बचाने की बात कही। शोहेब जब तक घटना स्थल पहुंचा, चांद मियां की मौत हो चुकी थी।

# नई बसाहट के बीच सीवरेज लाइन का अभाव सर्वे व प्लानिंग अटकी इसलिए होगा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बिरगांव निगम के 9 वार्डों में इस बारिश में बिगड़ेगा सिस्टम, मेटल पार्क में अभी से ऐसा हाल

इस साल होने वाली बारिश में बिरगांव निगम के 9 वार्डों में सुविधा की पोल खुलने वाली है। ऐसा इसलिए होगा,क्योंकि जिम्मेदारों ने अभी तक नई बसाहट के बीच सिवरेज निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी नहीं करवाया है। इसके लिए सर्वे करवाने में लापरवाही की गई है। इसका खामियाजा मेटल पार्क, रावांभाठा, उरकुरा, उरला व अछोली की नई बस्तियों ही नहीं, बल्कि 15 साल पहले बसे मजदूर नगर में रहने वाले परिवारों को भी भुगतना पड़ेगा।

बिरगांव निगम की 15 साल पुरानी बसाहट के बीच निगम के जिम्मेदारों ने पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं करवााया है। इस वजह से मेटल पार्क वार्ड क्रमांक 9 में अभी से व्यवस्था बिगड़ने लगी है। कुछ साल पहले तक आस-पास के खाली प्लाटों में पानी जाने से सामान्य दिनों में सड़क तक घरों की गंदगी नहीं पहुंचती थी, अब अधूरी-टूटी नालियों के कारण सिवरेज लाइन का गंदा पानी ओवरफ्लो होने से लोगों की आवाजाही के लिए बनवाई गई सड़क पर जमा होने लगा है। बारिश शुरू होने से पहले अव्यवस्था को देखते हुए लोगों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। वैसे तो बिरगांव के कई वार्डों में अधूरी नाली निर्माण के चलते पानी निकासी की समस्या बारिश के दिनों में होती है। इस बार 9 वार्डों में जलभराव की स्थिति बनने वाली है। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने नाली बनवाने के लिए सर्वे और प्लानिंग भी शुरू नहीं की है।





### अनदेखी का खामियाजा भुगतेंगे लोग

महापौर की जिम्मेदारी बनती है, कि लोगों की सुविधा के लिए नई बसाहट के बीच नालियों का निर्माण करवाने के लिए सर्वे के साथ इसके लिए प्लानिंग करके शासन को प्रस्ताव भेजवाएं। इसमें की जा रही अनदेखी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ेगा।

*- ओमप्रकाश साहू, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, बिरगांव*

### बचे हुए वार्डों के लिए बनवाए प्रस्ताव

15 साल पुरानी बसाहट के बीच क्यों नालियों का निर्माण नहीं हुआ, इसके बारे में बताना संभव नहीं है। अभी जिन-जिन वार्डों से मांग आ रही है। उसे संज्ञान में लेते हुए प्रस्ताव बनवाने के लिए दिशा-निर्देश दूंगा। जहां दिक्कत आ रही वहां सुधार करवाएंगे।

*- नंदलाल देवांगन, महापौर नगर निगम, बिरगांव*

### इन वार्डों में बिगड़ेंगे हालात

मेटल पार्क, रावांभाठा के वार्ड 12 ही नहीं कैलाश नगर और आकाश नगर का पानी निकासी मेटल पार्क से उरला नाला तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त नाली का निर्माण नहीं हुआ है। वहीं उरकुरा नाला क्षेत्र में नई बसाहट के बीच सिवरेज लाइन नहीं है। बिरगांव के वार्ड 38 में पर्याप्त नाली नहीं है। अछोली के वार्ड 07 में सिवरेज लाइन का बुराहाल है। उरला नाला से सटे अछोली के 5 वार्डों से जुड़ी बस्तियों में जलभराव होना तय है। इन क्षेत्रों के खाली प्लाटों में लोगों ने मकान बना लिया और रहना शुरू कर दिया है। वहीं निगम ने पानी निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं किया है।

### इस वजह से अटका है सर्वे

सूत्रों ने बताया कि जिन वार्डों में पानी निकासी का इंतजाम नहीं है। उन वार्डों में ज्यादातर लोगों ने जमीन दलालों से कम दाम पर जमीन लेने के बाद मकान बनवा लिया है। वहीं निगम के जिम्मेदारो ने इसलिए सुविधा देने के लिए सर्वे नहीं किया, क्योंकि वहां जरूरी निर्माण करवाने के लिए एमआईसी व सामान्य सभा में चर्चा नहीं हुई। इसे देखते हुए निगम के अधिकारी प्लानिंग नहीं करवा रहे हैं। इसके चलते 30 हजार से ज्यादा आबादी को बरसात में गंदगी और जलभराव का सामना करना पड़ेगा। वहीं निगम के जिम्मेदारों ने अभी तक ऐसे क्षेत्रों का सर्वे भी नहीं करवाया है।

# हीमोग्लोबिन की दवाइयां जांच के दायरे में, राज्यभर से उठाए गए सैंपल

- जिला अस्पताल, ड्रग वेयर हाउस, बीईओ कार्यालय से लिए गए नमूने
- स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर सक्रिय हुआ औषधि विभाग का अमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भवती महिलाओं और स्कूली बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी दूर करने वाली दवाओं को जांच के दायरे में रखा गया है। विभिन्न जिला अस्पताल, ड्रग वेयर हाउस, ब्लाक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों से खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने इन दवाओं के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने शुक्रवार को विभागीय अफसरों की बैठक लेकर एनीमिया पर रोक लगाने के लिए दवाओं की जांच के निर्देश दिए थे, जिसके बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम सक्रिय हुई है। शनिवार को आईएफए- विफ्स जूनियर, विफ्स रेड, विफ्स ब्लू नामक दवाओं के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए कालीबाड़ी स्थित राज्य औषधि परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। इन दवाओं की गुणवत्ता परीक्षण के बाद आने वाले रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। अफसरों ने बताया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने ड्रग वेयर हाउस जशपुर, कोरिया, जगदलपुर के साथ जिला अस्पताल रायपुर, राजनांदगांव, अंबिकापुर और कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग, धमतरी तथा बिलासपुर जिले के तखतपुर और कोटा के कार्यालय से दवाओं से सैंपल लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार जिन दवाओं को जांच के दायरे में रखा गया है, वे गर्भवती महिलाओं और बच्चों में हीमोग्लोबिन की कमी दूर कर शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है।

# दो सूने मकानों में चोरों का उत्पात नकदी, जेवर पर हाथ साफ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विधानसभा थाना क्षेत्र में स्वास्तिक पार्क एवेन्यू की घटना

राजधानी में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं, अलग-अलग थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे ही एक मामले में विधानसभा थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दो सूने मकानों में चोरों ने धावा बोलते हुए आठ लाख रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जिन लोगों के यहां चोरी की घटनाएं हुई है, उनमें एक बाहर गया था, दूसरा ड्यूटी पर गया था। चोरी की घटना से परेशान लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस के मुताबिक भुरकोनी स्थित स्वास्तिक पार्क एवेन्यू में प्रशांत सिंह तथा कृष्णचंद तिवारी के घर चोरी की घटना हुई है। चोरों ने दोनों के मकान का मेन गेट का ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दोनों घरों की आलमारी खोलकर



लॉकर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के अनुसार दोनों घटना को एक ही चोर गिरोह ने अंजाम दिया है। पुलिस को मौके पर सीसीटीवी फूटेज भी मिले हैं। फूटेज में दो से तीन संदिग्ध दिख रहे हैं। कालोनी में रहने वाले नीरज प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह, धर्मेंद्र भट्ट, राज सिंह, गौरव के मुताबिक उनकी कालोनी में 50 से 60 परिवार निवासरत हैं। रहवासियों के मुताबिक कालोनी में पर्याप्त लाइट तथा गार्ड नहीं होने की वजह से चोरी की घटना हुई है। कालोनी में रहने वाले लोगों ने कालोनाइजर से पर्याप्त लाइट लगवाने के साथ गार्ड की व्यवस्था कराने की मांग की है।

# भूपेश के बयान पर भाजपा नेताओं ने घेरा, अजय बोले- जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए नाड़े वाले बयान पर अब भाजपा नेताओं ने उन पर चौतरफा हमला किया है। एक तरफ जहां भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा है कि जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव। वहीं कांग्रेस से भाजपा में आई राधिका खेड़ा ने लिखा है, नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया।

भाजपा मीडिया विभाग के प्रमुख अमित चिमनानी ने भी इस मामले में तीखा हमला किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर एक दिन पहले ही प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बयान दिया था कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पजामा का नाड़ा काट दिया है। पार्टी तोड़ने, चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने, डराने-धमकाने वालों को जनता ने अच्छा सबका सिखाया है। अब इसको लेकर भाजपा नेता पलटवार कर रहे हैं।

### *राधिका खेड़ा ने लिखा- नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया*


**भूपेश ने कहा – राहुल गांधी ने मोदी के पाजामे का नाड़ा काट दिया है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव परिणाम जारी होने के बाद आए परिणाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ने मोहला-मानपुर में टिप्पणी करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पाजामा का नाड़ा काट दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी तोड़ने, चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने तथा डराने धमकाने वालों को देश की जनता ने सबक सिखाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक्स पर ट्विट करते हुए एनडीए में फूट पड़ने की बात कहते हुए सालभर के भीतर मध्यवधि चुनाव होने की आशंका व्यक्त की है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस्तीफा दे रहे हैं, उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ की कुर्सी हिल रही है। इसके साथ ही राजस्थान में भजनलाल की स्थिति डगमगा रही है। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की कुर्सियां डगमगा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक वे जरूर चुनाव जरूर हार गए हैं, लेकिन हमें तैयार रहना है। 6 महीना सालभर में फिर से मध्यावधि चुनाव हो सकता है। इसके लिए हमें तैयार रहना है। पूर्व मुख्यमंत्री के मुताबिक गठबंधन के साथ-साथ भाजपा के नेताओं में भी विवाद शुरू हो गया है।

- पूर्व मुख्यमंत्री ने देश में जल्द ही मध्यावधि चुनाव होने का दावा किया

### अजय-राधिका का हमला

*भूपेश बघेल के पोस्ट और वीडियो को लेकर अब अजय चंद्राकर ने अपनी पोस्ट में लिखा- जो कभी पजामा नहीं पहने उन्हें नाड़े का क्या अनुभव, तो वो क्या नाड़ा काटेंगे। गला फाड़ते-फाड़ते तो इनकी जवानी निकल गई। इधर भाजपा नेता राधिका खेड़ा ने भी इस मामले में जवाब देते हुए पोस्ट पर लिखा- नाड़ा तो छत्तीसगढ़ की जनता ने दूसरी बार आपका काट दिया। इसी के साथ राधिका ने लिखा है, आपने 30 अप्रैल 2024 को शाम 7.14 बजे आपने मुझे छत्तीसगढ़ छोड़ने के लिए कहा था, लेकिन लगातार आपको छत्तीसगढ़ छोड़ रहा है।*

### स्तरहीन बयान : चिमनानी

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए बयान को स्तरहीन बताया है। श्री चिमनानी ने कहा, श्री बघेल विधानसभा चुनाव की करारी शिकस्त और लोकसभा चुनाव की हार के बाद अब राहुल, पाजामा और नाड़े से बाहर निकलकर राजनीतिक सच का सामना करने की हिम्मत दिखाएं। श्री चिमनानी ने कहा, खुद भूपेश बघेल राजनांदगांव में चुनाव हार गए, उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की शर्मनाक हार हुई, राहुल गांधी, जिनके लिए भूपेश बघेल बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, के नेतृत्व में कांग्रेस ने 2014, 2019 और 2024 में 3 लोकसभा चुनाव लड़े हैं और तीनों चुनाव की सीटों को मिलाकर भी कांग्रेस ने कुल 195 सीट मात्र जीती है, जबकि भाजपा ने केवल 2024 के लोकसभा चुनाव में 240 सीटें जीती हैं और इसकी तुलना में कांग्रेस की सीटें काफी कम हैं, तो फिर श्री बघेल की भाषा में किसने, किसका नाड़ा काटा है।*

### जिले के 120 अमृत सरोवर में लगाए गए 1246 पौधे

**दुर्ग।** ग्राम पंचायत के रूप में आदर्श संरचना मानते विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष उत्सव मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवागन के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों एवं अमृत सरोवर के पास विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। अमृत सरोवर के किनारे 5 जून को हर साल विश्व पर्यावरण दिवस यानी 'वर्ल्ड एनवारयमेंट डे' मनाया जा रहा है. लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जाता है। साथ ही ग्राम पंचायतों में रैली कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को जलवायु परिवर्तन के के बारे में जानकारी दिया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों के पास विशेष उत्सव आयोजित किया गया इस मौके पर अमृत सरोवर स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान, सफाई गतिविधियां जल संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित भी चलाया जा रहा है।

### उद्योग ईकाई नहीं खुलने से बेरोजगारों में मायूसी

# राजधानी तक नहीं सरकी फाइलें उद्योगों के सपने रह गए अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- अब भाजपा की नई सरकार से बेरोजगारों को उम्मीदें

पिछली कांग्रेस की सरकार द्वारा जिले में फूड पार्क खोलने के लिए बड़े ताम-झाम से प्लानिंग की गई थी। लेकिन जिले में स्वीकृत किए गए फाइल राजधानी तक सफर नहीं कर पाई। ऐसे में जिले को मिलने वाला उद्योग और रोजगार सपना बनकर रह गया। हाल में बैठी भाजपा की सरकार से अब बेरोजगारों को उद्योग खोलने की उम्मीदें हैं।

जिले के दुर्ग, पाटन और धमधा में फूड पार्क खोलने की योजना बनी थी। इसके लिए तो धमधा के धरमपुरा गांव में उद्योग खोलने वर्ष 2021 में उद्योग मंत्री रहे कवासी लखमा और कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा भूमिपूजन भी कर दी गई थी। लेकिन इन दो साल में जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया ही पूरी नही की है।

मिली जानकारी अनुसार दुर्ग ब्लाक में धरमपुरा गांव में पटवारी हल्का नंबर 10 राजस्व निरिक्षक मंडल धमधा में खसरा तीन रकबा 8.72 हेक्टेयर चयन भी कर लिया गया था। इसी तरह पाटन ब्लाक में ग्राम देमार में 10.200 हेक्टेयर और दुर्ग के ग्राम निकुम में 8.060 जमीन प्रस्तावित किया गया था। लेकिन वर्तमान में तीनों प्रोजेक्ट को लेकर एक ईंट तक नही रखी गई है। उल्लेखनीय हैं कि, छग में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने घोषणा किया था।

यह न सिर्फ घोषणा बल्कि उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में यह शामिल था। लेकिन मुख्यमंत्री के गृह जिले में ही अफसरों ने उद्योग स्थापित करने मुकाम हासिल नही कर पाई है। बहरहाल अफसर फूड पार्क को छोड रीपा को अपनी उपलब्धि के रूप में गिना रहे है। दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद इथेनाल प्लांट खुलने की योजना बनाई गई थी। इसमें ग्राम नगपुरा व ग्राम खपरी कुम्हारी में उद्योग खुलना था। लेकिन दर्जनभर से अधिक एमओयू किए जाने के बाद भी यहां उद्योग खोलने उद्योगपति ही सामने नही आए।

विभागीय अधिकारियों की माने तो धान से इथेनाल बनाने की प्रक्रिया में कास्ट अधिक आने के कारण उद्योगपति रूचि नही दिखा रहे है। विकासखण्ड धमधा के धरमपुरा में फूडपार्क की स्थापना के लिए न्यायालय कलेक्टर दुर्ग के द्वारा उक्त शासकीय भूमि उद्योग विभाग को हस्तांतरण किये जाने आदेश पारित किया गया था।

### ज्यादातर प्रोजेक्ट प्रक्रियाधीन

उद्योग विभाग द्वारा पाटन के जामगांव (एम) में लघु वनोपज के प्रसंस्करण की ईकाई के लिए जमीन चाही गई थी। यह प्रकरण फिलहाल प्रक्रियाधीन है। इसी तरह नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए ग्राम हथखोज में 21.031 हेक्टेयर जमीन चयनित की गई थी। यह भी प्रक्रियाधीन है। यही नहीं धमधा के ग्राम चोरहा में 6.634 हेक्टेयर जमीन नवीन औद्योगिक के लिए चयनित की गई थी। यह भी राजस्व विभाग के पास प्रक्रियाधीन है। वही धमधा के ग्राम राजपुर और पाटन के ग्राम महुदा दोनो प्रकरण रायपुर सीएसआईडीसी में प्रक्रियाधीन है।

### अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने सख्त हुए आयुक्त, जांच दल को सर्वे करने के दिए निर्देश



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव में अवैध प्लाटिंग की कार्यवाही के पश्चात नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा पुनः अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित के बाद इसके लिए राजस्व विभाग, टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग विभाग एवं नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित कर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र का सर्वे कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा भवन अधिकारी गिरीश दीवान को निर्देश दिया गया। निगम के भवन अधिकारी गिरीश दीवान द्वारा उरला क्षेत्र की पटवारी श्रीमति निवेदिता राजपुत के साथ निरिक्षण करने पहुँचे। श्री दीवान ने बताया कि शीघ्र ही संबंधितों को नोटिस देकर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की जावेगी।

# ग्राम पैरी के युवाओं में देशभक्ति की हिलोरें, सुरक्षा बलों में 75 जवान तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सेना एवं सुरक्षा बलों में एक ही गांव से 75 जवानों की तैनाती किसी भी गांव या कस्बे के लिए गर्व की बात है। कुछ ऐसी ही गर्व अनुभूति होती है बालोद जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर बसे गांव पैरी के निवासियों को, वहां सैनिकों को समर्पित एक संस्था का नाम है मातृभूमि सेवा संगठन पैरी, जिसमें सेवानिवृत्त सैनिक, वर्तमान सैनिक, पुलिसकर्मी, गांव के सरपंच, सैनिक परिवार के सदस्य, सेवानिवृत्त कर्मचारी सदस्य के रूप में संस्था की गतिविधियों में भाग लेते हैं। संगठन की वार्षिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें अनेक प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर पंजीयक कार्यालय में जमा करना, आय व्यय पेश करना, सदस्यता शुल्क जमा करना, विधायक निधि से प्राप्त राशि को निर्माण कार्य में लगाना आदि प्रस्ताव रखे गए। इस बैठक में अध्यक्ष तामेश्वर मानिकपुरी, बिंदु राम पटेल, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू, सचिव अघनु राम निषाद, कोषाध्यक्ष अर्निका ठाकुर, सदस्य मनीष सेन, योगेंद्र सोनबोइर उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों में संरक्षक सदस्य के रूप में पूर्व अध्यक्ष ढाल सिंह साहू, दीनदयाल चौधरी, सीताराम साहू श्याम, बेनीराम सारवा, परशुराम साहू विशेष रूप से उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिए। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष तामेश्वर दास ने किया।

### देश की सेवा करते दो जवान तिवर सिंह एवं दिनेश ठाकुर ने दी शहादत



#### गांव के शहीद जवानों का किया स्मरण

संस्था के संरक्षक सरपंच रूपम देशमुख ने उस राशि का उपयोग पेवर ब्लॉक बिछाने व सौंदर्यीकरण के लिए उपयोग किए जाने की जानकारी दी। इस अवसर पर संरक्षक ब्रह्मदेव पटेल ने कहा कि हमारे अंचल के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे ग्राम पैरी के जवानों में देश भक्ति की भावना हिलोरें मार रही है। इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि ग्राम पैरी के दो जवानों ने सीमा में सुरक्षा करते हुए अपनी शहादत दी। शहीद तिवर सिंह एवं दिनेश ठाकुर का पुण्य स्मरण किया गया।

## खबर संक्षेप




### रक्तदान शिविर में 7 यूनिट मिले रक्त

**दुर्ग।** विश्व रक्तदाता दिवस पखवाड़ा अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के पेरामेडिकल के छात्र अंकित टेमरे, जयंत मिस्त्री, खेमचंद्रा, सूर्यकुमार साहू, डेमन झुलेकर, निखिल पांडे, डोमन वर्मा ने रक्तदान किया। शिविर में 7 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। शिविर में सीएमएचओ डॉ जे पी मेश्राम, जिला चिकित्सालय दुर्ग, सिविल सर्जन अधिकारी डॉ हेमंत साहू, डॉ प्रवीण अग्रवाल, डॉ नेहा नलवाया, सती गुप्त, रूपेश सरपे, दिनेश, तीरथ सहित जीवन दीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर, सतीश सुराना, दुष्यंत देवांगन मौजूद थे।

### साड़ी वाकथान में महिलाओं ने लिया हिस्सा




**दुर्ग।** माहेश्वरी महिला मंडल दुर्ग द्वारा आयोजित साड़ी वाकथोन में महिलाओं ने उत्साह के साथ उपस्थिति दर्ज करवाई। विशेष वेशभूषा में आए सुषमा स्वराज, रानी लक्ष्मीबाई और रानी पद्मावती और बाकी सभी ने अपने अलग अंदाज से इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया। क्विज प्रतियोगिता में भी सभी की अच्छी भागीदारी रही। मुख्य अतिथि श्रीमती नीलू ठाकुर, सदस्य - जिला उपभोक्ता आयोग दुर्ग थीं। उन्होंने साडी को सबसे सौम्य और सभ्य परिरधान बताया।अध्यक्ष श्रीमती नीतू गांधी ने स्वागत उद्बोधन के साथ मंचीय प्रोग्राम को शुरू किया। उपाध्यक्ष रश्मि चाँडक ने मंच संचालन व सहसचिव डॉ सविता राठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। सचिव अंजलि लखोटिया, कोषाध्यक्ष मंगला भूतड़ा आदि मौजूद रहे।

### 21 दिवसीय कबड्डी शिविर का समापन

**उतई।** छत्तीसगढ़ शासन खेल व युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब कॉलेज ग्राउंड उतई में किया गया। जिसमें उतई के अलावा आसपास के गांव खोपली, डुमरडीह, पतोरा, डुंडेरा, उमरपोटी आदि स्थानों से बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में जय शीतला स्पोर्ट्स क्लब के कोच मोहित साहू ने बच्चों को कबड्डी खेल की बारीकियों से सभी को परिचय कराया। खेल के नियम की जानकारी दिया। बच्चे इस शिविर में आकर बहुत उत्साहित हुए । कबड्डी प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह पर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू, अध्यक्षता नगर साहू समाज उतई के उपाध्यक्ष खुबीराम साहू, सचिव गिरीश साहू कृति सूर्यवंशी छत्तीसगढ पुलिस, वर्षा वर्मा खिलाड़ी, सोनू राजपूत ,दीपक चंद्राकर, दीपक विश्वकर्मा उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## जीत की खुशी : प्रदेश में भाजपा को 11 में से 10 सीटों पर मिली है जीत

# छत्तीसगढ़ में भाजपा की जबर्दस्त जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह, नेताओं ने दी प्रतिक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ में 11 में से 10 सीट एवं दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के चार लाख 38 हजार 226 मतों के अंतर से मिली जीत पर बेमेतरा जिले के भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। उल्लेखनीय है कि विजय बघेल ने दुर्ग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बेमेतरा जिले की तीनों सीटों में ऐतिहासिक लीड प्राप्त की है। एनडीए को मिले बहुमत को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं ने अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी है।

### कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से यह सम्भव हो पाया : मंत्री बघेल



खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में भाजपा को 9 सीटें मिली थीं। इस बार यह बढ़कर 10 हो गई है। कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, चुनाव प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित सभी वरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया।

### मतदाताओं ने डबल इंजन की सरकार पर जताया भरोसा : विधायक दीपेश



बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने डबल इंजन की सरकार में विकास की उम्मीद के साथ मतदान किया और भरोसा जताया। अपने छह महीने के कार्यकाल में प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री जनता का भरोसा जीतने में सफल रहे। विधानसभा चुनाव के संकल्प-पत्र के शत प्रतिशत कार्यान्वयन का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत : जिला अध्यक्ष जोशी



भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े-बड़े सूरमा को हमारे प्रत्याशियों ने चूरमा बना दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को पटखनी देकर और चार-चार पूर्व मंत्रियों को हराकर हमारे प्रत्याशी आए हैं। मैं सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। चुनाव में जनता के आशीर्वाद से मिली ऐतिहासिक जीत के बाद जिम्मेदारी और बढ़ गई है। जिस पर हम सबको खरा उतरना है।

### मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है : शर्मा



पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता की मुहर है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक जीत रही है। इस ऐतिहासिक परिणाम के लिए प्रदेश की जनता को धन्यवाद, बधाई एवं शुभकामनाएं।

### तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन की मेहनत रंग लाई : दीवान



भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकासधर दीवान ने कहा कि तपती गर्मी में पार्टी के कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं सदस्यों के कठिन परिश्रम की बदौलत हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूँ।

### आगामी पंचायत, नगरीय निकाय चुनाव में भी लहराएंगे परचम : सिन्हा



पूर्व नगर पालिका बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि पहले मिथक बन चुका था कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस का गढ़ बन गया है। लेकिन, भाजपा कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम और छत्तीसगढ़ की जनता ने उस मिथक को तोड़ दिया। भाजपा अब आगामी पंचायत, नगरीय निकाय चुनाव में भी अपना परचम लहरायाएगी।

### प्रदेश की जनता ने भाजपा और मोदी की गारंटी पर जताया भरोसा : नथमल



वरिष्ठ नेता नथमल कोठारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार विधानसभा चुनाव के दौरान किए अपने सभी वादों को प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेजी के साथ पूरा कर रही है। 6 माह के भीतर प्रदेश की जनता ने फिर से भाजपा और मोदी की गारंटी पर भरोसा जताकर भाजपा के पक्ष में विश्वास जताया।

### देश में मोदी सरकार बनाने छत्तीसगढ़ की जनता का रिश्ता कायम : शिव साहू



भाजपा नेता शिव साहू ने कहा कि देश में मोदी सरकार बनाने छत्तीसगढ़ का जो रिश्ता बना हुआ है उसे आज भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कायम रखा। अब हमें केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना है, ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ प्रदेश में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को भी मिल सके।

## अंडरब्रिज से गदा चौक तक हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम ने शनिवार को सुपेला अंडरब्रिज से गदा चौक का मार्ग चौक सबसे व्यस्ततम मार्ग में से अतिक्रमण हटाने की फिर बड़ी कार्रवाई की। खास बात यह है कि यह कार्रवाई पहली बार नहीं हो रही है। कई बार निगम यहां कार्रवाई करती है उसके कुछ दिन बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। लोगों को फिर से उसी तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रविवार को सूर्यामाल एरिया में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई निगम करेगा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया नगर निगम भिलाई ने नोटिस दिया चालानी कार्रवाई की फिर भी लोग नहीं माने हमें आवागमन को दुरुस्त करने के लिए यह अभियान चलाना पड़ा, इसके बाद भी नहीं मानेंगे तो विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए इनको इनके अनुज्ञप्ति लाइसेंस , गुमास्ता लाइसेंस भी निरस्त कर दिया जाएगा। इस मार्ग के दोनों विभिन्न प्रकार का व्यवसाय करने वाले कपड़ा , जूता चप्पल , गुपचुप , फल ,पंसारी ,बेल्ट, गमला , बड़ी दुकान वाले सभी लोग सेड डालकर दुकान लगा करके रोड के ट्रैफिक को जाम कर देते हैं । बार-बार मना करने और नोटिस देने चलानी कार्रवाई करने के बाद भी नहीं मानते हैं। इसे विशेष करके रविवार के दिन आवागमन में बहुत परेशानी होती है 1 उसी को देखते हुए आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक कुमार द्विवेदी स्वयं दल के साथ वहां कार्रवाई के लिए पहुंच गए।

## आरक्षण पर फिर गरमाई सियासत बैज बोले- भाजपा की नीयत में खोट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आरक्षण के मुद्दे पर एक बार फिर से सियासत गरमा गई है। आरक्षण विवाद सुलझाने के लिए राज्य सरकार ने पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष कृषि मंत्री रामविचार नेताम को बनाया गया है। कमेटी दो साल के भीतर एसटी-एससी, ओबीसी आरक्षण पर सरकार को अपना सुझाव देगी। कांग्रेस ने इस पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य की भाजपा सरकार वंचित वर्ग को उनका आरक्षण नहीं देना चाहती, इसीलिये आरक्षण संशोधन विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर करवाने के बजाय सरकार ने नई कमेटी बना दी है। आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत में खोट उजागर हो गई है। उन्होंने कहा, यही नहीं सरकार ने कमेटी का कार्यकाल भी दो वर्ष का रखा है अर्थात कमेटी गठन कर आरक्षण को भाजपा सरकार ने दो वर्ष तक टाल दिया है। सरकार को कमेटी बनाने की जरूरत क्या है। सभी वर्गों के लिये आरक्षण संशोधन विधेयक राज्य की विधानसभा ने सर्वसम्मति से पारित करवा कर राज्यपाल के पास भेजा है। आरक्षण संशोधन विधेयक में एसटी को 32 प्रतिशत, एससी को 13 प्रतिशत, ओबीसी के लिये 27 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के गरीबों के लिये 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। भाजपा बताये कि वह आरक्षण संशोधन विधेयक के किस प्रावधान से असहमत है, जो कमेटी का गठन किया गया है।

## दिनभर तेज धूप व गर्मी के बाद शाम को पड़ी फुहार, लोगों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- तेज हवाओं से कहीं कहीं टीन शेड उड़ने की खबर

बीते कुछ दिनों से शाम के समय तेज हवाएं चलने और कहीं–कहीं बारिश होने के कारण लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है लेकिन दिन भर उमस भरी गर्मी से क्षेत्रवासी परेशान रहे। हालांकि अभी भी दोपहर की धूप लोगों को परेशान कर रही है। दिन की तेज धूप लोगों को चुभने से पीछा नहीं छोड़ा है। तेज हवाओं से कहीं–कहीं लोगों के टीन के छतों को नुकसान पहुंचने की भी जानकारी मिली है। वहीं शहर से लेकर गांव तक बिजली गुल होने से भी लोग परेशान हैं। इस तरह से मौसम में बदलाव के कारण अब जल्द ही मानसून आने की उम्मीद भी बढ़ गई है। शाम से ही मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। लगभग प्रतिदिन कहीं न कहीं तेज हवाएं चल रही हैं और कहीं–कहीं बारिश भी हो रही है। मौसम में आए इस बदलाव से बीते लगभग माहभर से गमएँ से परेशान लोगों को थोड़ी राहत मिली है। लेकिन अभी भी दिन का समय परेशान करने वाला ही साबित हो रहा है। तापमान में थोड़ी कमी तो आई है, लेकिन उमस वाली गर्मी लोगों को बेचैन कर रही है। जब तक अच्छी बारिश नहीं हो जाती, सभी को इसी तरह के मौसम का सामना करना पड़ेगा। दिन भर उमस से बेचैनी के बाद शाम होते ही मौसम में परिवर्तन हो रहा है और तेज हवाएं चलनी शुरू हो जाती है। इस बीच कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी होती है। इसी तरह कई जगहों पर आंधी तूफान के साथ बारिश हुई और तेज गति से हवा भी चलने लगी।

## प्रधानमंत्री व अन्य मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने शहर के नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया। प्रधानमंत्री मोदी सहित सभी मंत्रियों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से शहर में दिखाया गया।

इस अवसर पर भाजपा ने खुशियां मनाई। वहीं बाजे गाजे के साथ रैली निकाली। नरेंद्र मोदी ने देश का तीसरी बार नेतृत्व करते हुए दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री पद की राष्ट्रपति भवन में शपथ ली। इसे लेकर जिले के भाजपाइयों ने इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने तथा लोगों को कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए जगह–जगह एलईडी–प्रोजेक्टर के माध्यम से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की। नगर भ्रमण, आतिशबाजी के साथ लोगों को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय जुंगेरा में भवन को दीप प्रज्जवलित कर भव्य आतिशबाजी करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया।

शहर के दूध गंगा के सामने प्रोजेक्टर लगाकर भाजपाइयों व अन्य शहरवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शपथ ग्रहण सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्णकांत पवार, जिला अध्यक्ष पवन साहू, जिला भाजपा महामंत्री राकेश छोटू यादव, भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा, पार्षद राजू पटेल, कमलेश श्रीवास्तव, प्रेम साहू, लोकेश श्रीवास्तव, जितेन्द्र साहू, दानेश्वर मिश्रा, युसूफ खान, विनोद गिरी गोस्वामी, छगन साहू, अमित चोपड़ा, कमल पम्पलिया भारतीय जनता पार्टी अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शासन की योजनाओं पर पलीता लगाने में जुटे जिम्मेदार

# उरेटा अमृत सरोवर का निर्माण दो साल से अधूरा, किसान हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अमृत सरोवर के तहत नए तालाब का निर्माण, गहरीकरण व सौंदर्यीकरण केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे हर ग्राम पंचायत में बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अमृत मिशन योजना के तहत जल संरक्षण के साथ भूजल स्तर में वृद्धि होगी, इसके साथ ही पानी के अभाव में फसल नहीं पकने की स्थिति में अमृत सरोवर से सिंचाई के लिए पानी भी दिया जा सकता है।

लेकिन, डौंडी लोहारा ब्लॉक में कई ऐसे सरोवर व नालों के कार्य हैं, जो बरसात के पूर्व में पूर्ण हो जाना था, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण आज भी अधूरे पड़े हैं। जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत समीप के ग्राम उरेटा में पिछले वर्ष अमृत सरोवर का निर्माण किया गया था, जिसमें इनलेट व आउटलेट (पानी आने व जाने का मार्ग) बनाया जाना था, लेकिन दूसरे वर्ष भी यह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। कार्यस्थल पर रेत व गिट्टी रखी हुई है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इसे पूर्ण करना उचित नहीं समझा जा रहा है, उसके बाद भी बगल में एक और तालाब बनाया जा रहा है। लेकिन, पहले से अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण होंगे, ऐसे कार्यों में क्यों उदासीनता बरती जा रही है इसकी जानकारी दे पाने वाला कोई नहीं है। हर सप्ताह टीएल मीटिंग होती है। जनपद में सीईओ, पीईओ, एसडीओ हर सप्ताह मीटिंग लेते हैं, तब क्या पुराने कार्यों के लिए कोई कार्य योजना नहीं बनती, ब्लॉक के अंदर ऐसे कई कार्य है जो दो–तीन वर्षों से अधूरे पड़े हुए हैं, यह सब कार्य नरेगा के तहत कराया जा रहा है, इसे पूर्ण करने के लिए जिम्मेदार क्यों रुचि नहीं दिखा रहे हैं। आखिर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है, यह समझ से परे है, ऐसे सब कार्यों को पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए।

### शपथ लेने के बाद विधायकी छोड़ेंगे बृजमोहन

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा से चुनाव जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल अभी तत्काल में प्रदेश के मंत्री का पद और विधायिकी नहीं छोड़ रहे हैं। पहले दिल्ली में सांसद पद की शपथ लेने के बाद ही वे विधायिकी से इस्तीफा देंगे।




